सत्यमेव जयते

राजस्थान राज-पत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

फाल्गुन 5, बुधवार, शाके 1942 - फरवरी 24, 2021

Phalguna 5, Wednesday, Saka 1942- February 24, 2021

भाग 4 (ग)

उप-खण्ड (II)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी
किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.451.- राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) की धारा 174 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, कर की रिबेट और परादेय मांगों और विवादों के निपटान के लिए निम्नलिखित **"एमनेस्टी स्कीम-2021"**, जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, इसके द्वारा अधिसूचित करती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रवर्तन कालावधि.- (1) इस स्कीम का नाम **एमनेस्टी स्कीम-2021** है।

(2) यह स्कीम तुरंत प्रवृत होगी और 30.09.2021 तक प्रवृत रहेगी।

2. लागू होना.- संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची की प्रविष्टि 54 में सम्मिलित माल के संबंध में परादेय मांगों या विवाद के सिवाय, यह स्कीम ऐसे समस्त व्यवहारियों या व्यक्तियों पर लागू होगी जिनके विरुद्ध 30.06.2017 तक की कालावधि के संबंध में, किसी अधिनियम के अधीन कोई परादेय मांग या विवाद है।

3. परिभाषाएं.- (1) इस स्कीम में, जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से निम्नलिखित में से कोई अधिनियम अभिप्रेत है :-

(i) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम सं. 29);

(ii) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1994 (1995 का अधिनियम सं. 22);

(iii) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74);

(iv) राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4);

(v) राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का अधिनियम सं. 13);

(vi) राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में मोटर यानों के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम सं. 14);

(vii) राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 (1957 का अधिनियम सं. 24);

(viii) राजस्थान (होटलों और बासों में) विलासों पर कर अधिनियम, 1990 (1996 का अधिनियम सं. 9); और

(ix) राजस्थान विलासों (तम्बाकू और उसके उत्पाद) पर कर अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम सं. 11);

(ख) "स्वीकृत कर" से कोई रकम अभिप्रेत है जो व्यवहारी या व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की गयी किसी विवरणी में या किसी प्राधिकारी के समक्ष लिखित में स्वीकृत की गई है;

(ग) "आवेदक" से कोई व्यवहारी या व्यक्ति अभिप्रेत है जो स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने की अपनी रजामंदी सूचित करता है;

(घ) "निर्धारण प्राधिकारी" से अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ङ) "व्यवहारी" से अधिनियम के अधीन यथापरिभाषित कोई व्यवहारी अभिप्रेत है;

(च) "घोषणा प्ररूप" से कर की रियायती दर पर माल के क्रय या विक्रय या कर से छूट के लिए अधिनियम के अधीन विहित कानूनी प्ररूप या प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(छ) "विभाग" से वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान अभिप्रेत है;

(ज) "अंतर कर" से अधिनियम के अधीन राज्य में लागू कर की पूर्ण दर और रियायती दर या छूट, जो घोषणा प्ररूप के प्रस्तुत किये जाने पर लागू है, के मध्य अंतर अभिप्रेत है;

(झ) "विवाद" से अधिनियम के अधीन 30.06.2017 तक की किसी कालावधि के संबंध में निम्नलिखित से संबंधित, कोई लंबित मामला अभिप्रेत है,-

(i) अधिनियम के अधीन नियुक्त या विहित या प्राधिकृत किसी प्राधिकारी द्वारा कर, ब्याज, फीस या शास्ति के उद्ग्रहण संबंधी विवाद; या

(ii) किसी कारण से निर्धारण, पुनर्निधारण या किये गये किसी अन्य आदेश; या

(iii) फाईल की गयी कोई अपील, पुनरीक्षण, रिट याचिका या विशेष अनुमति याचिका; या

(iv) आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग के समक्ष आरंभ की गई पुनरीक्षण कार्यवाही; या

(v) कर, ब्याज, फीस या शास्ति के संदाय के लिए आवेदक को सूचित करते हुए जारी किये गये नोटिस या आदेश; या

(vi) किसी कर, ब्याज, फीस या शास्ति के अपेक्षित संदाय के लिए अधिनियम के अधीन किसी कार्यवाही में जारी की गयी कारण बताओ सूचना; या

(vii) अधिनियम के अधीन नियुक्त या विहित या प्राधिकृत किसी प्राधिकारी द्वारा कर, ब्याज, फीस या शास्ति की वसूली के लिए प्रारंभ की गयी या उसके समक्ष लंबित कार्यवाही;

(ञ) "विवादित रकम" से कोई कर, ब्याज, फीस या शास्ति, जो विवादित है, अभिप्रेत है;

(ट) "परादेय मांग" से अधिनियम से संबंधित कोई मांग, जो मांग और संग्रहण रजिस्टर में लंबित है, अभिप्रेत है;

(ठ) "चरण" से सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार अपेक्षित रकम के संदाय के लिए, निम्नलिखित सारणी में यथावर्णित अवधि अभिप्रेत है :-

सारणी

क्र.सं.	चरण	अवधि
1.	चरण-I	31.03.2021 तक
2.	चरण-II	01.04.2021 से 30.06.2021
3.	चरण-III	01.07.2021 से 30.09.2021

(ड) "कर" में प्रशमन रकम या कर के बदले में एकमुश्त राशि और छूट फीस सम्मिलित है; और

(ढ) "कुल परादेय मांग या कुल विवादित रकम" से किसी अधिनियम के अधीन व्यवहारी या व्यक्ति से संबंधित समस्त परादेय मांग या विवादित रकम की कुल राशि अभिप्रेत है;

(2) इस स्कीम में प्रयुक्त किये गये किन्तु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जैसा उन्हें उस अधिनियम में समनुदेशित किया गया है जिससे परादेय मांग या विवाद संबंधित है।

4. स्कीम के अधीन फायदे.- कर की छूट और ब्याज, शास्ति और फीस का अधित्यजन नीचे दी गयी सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथावर्णित परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग पर स्तम्भ संख्यांक 3 में यथावर्णित शर्तों और इस स्कीम के खण्ड 5 में वर्णित शर्तों के पूर्ण किये जाने पर स्तम्भ संख्यांक 4 में यथावर्णित सीमा तक होगा:-

सारणी-क

कर की छूट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन के लिए

क्र. सं.	परादेय मांग या विवादित रकम का प्रवर्ग	शर्तें	कर की छूट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन की सीमा
1	2	3	4
1.	परादेय मांग या विवादित रकम किन्तु उनको अपवर्जित किया जायेगा, जो इस सारणी के क्रम संख्यांक 2, 3, 4 और 5 के अधीन आती हैं।	(i) **चरण-I:** आवेदक ने कर की रकम का 90 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने कर की रकम का 95 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने कर की रकम का 100 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	कर की शेष रकम, यदि कोई हो, स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस की संपूर्ण रकम।
2.	परादेय मांग जो घोषणा प्ररूपों से संबंधित है किन्तु उनको	(i) **चरण-I:** आवेदक ने अंतर कर की रकम का 20 प्रतिशत जमा	अंतर कर की शेष रकम, स्कीम के

	अपवर्जित किया जायेगा, जो इस सारणी के क्रम संख्यांक 1, 3, 4 और 5 के अधीन आती हैं।	करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने अंतर कर की रकम का 25 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने अंतर कर की रकम का 30 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
3.	परादेय मांग या विवादित रकम जो कर की दर, माल के वर्गीकरण या अधिनियम के निर्वचन से संबंधित है, किन्तु उनको अपवर्जित किया जायेगा, जो इस सारणी के क्रम संख्यांक 1, 2, 4 और 5 के अधीन आती हैं।	(i) **चरण-I:** आवेदक ने विवादित कर के 50 प्रतिशत के साथ स्वीकृत कर, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने विवादित कर के 55 प्रतिशत के साथ स्वीकृत कर, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने विवादित कर के 60 प्रतिशत के साथ स्वीकृत कर, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	विवादित कर की शेष रकम, स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
4.	परादेय मांग या विवादित रकम जो,- (i) कर के अपवंचन या परिवर्जन; या (ii) घोषणा प्ररूप (प्ररूपों)/ प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्रों) के दुरुपयोग; या (iii) लेखाओं में अंकित नहीं किये गये माल; या (iv) अभिवहन में माल/यान; से संबंधित हैं, किन्तु उनको अपवर्जित किया जायेगा, जो इस सारणी के क्रम संख्यांक 1, 2, 3 और 5 के अधीन आती हैं।	(i) **चरण-I:** आवेदक ने परादेय शास्ति के 20 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने परादेय शास्ति के 25 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने परादेय शास्ति के 30 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम और शास्ति की शेष रकम।
5.	कुल परादेय मांग या विवादित रकम जो अनन्य रूप से केवल ब्याज और/या शास्ति से संबंधित है, और पच्चीस करोड़ रुपये से	(i) **चरण-I:** आवेदक ने ब्याज और/या शास्ति का 40 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने ब्याज	स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज और/या

	अधिक है किन्तु उनको अपवर्जित किया जायेगा, जो इस सारणी के क्रम संख्यांक 1, 2, 3 और 4 के अधीन आती हैं।	और/या शास्ति का 45 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने ब्याज और/या शास्ति का 50 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	शास्ति की शेष रकम।

स्पष्टीकरण:

(1) जहां कोई व्यवहारी चरण-I, II या, यथास्थिति, III की कालावधि के दौरान स्कीम के फायदे उपभुक्त करने के लिए अपनी रजामंदी सूचित करता है और उस दिन से, जिसको निर्धारण प्राधिकारी स्कीम के अधीन संदत्त की जाने अपेक्षित शुद्ध रकम सूचित करता है, दस दिन के भीतर या क्रमिक चरणों की अंतिम तारीख से पूर्व, जो भी पश्चात्वर्ती हो, अपेक्षित रकम जमा करा देता है, वह उस चरण में उपलब्ध फायदों का पात्र होगा जिसमें उसने अपनी रजामंदी सूचित की है। यदि, व्यवहारी उपर्युक्त विनिर्दिष्ट समय में शुद्ध रकम जमा करवाने में असफल रहता है, तब वह उस चरण में फायदों के लिए पात्र होगा, जिसमें उसने उक्त रकम जमा की है और स्कीम की प्रवर्तन कालावधि से परे व्यतिक्रम की निरन्तरता के मामले में, वह स्कीम के अधीन किसी फायदे के लिए पात्र नहीं होगा।

(2) जहां कोई रकम मांग के विरुद्ध, उसके सृजन के पश्चात्, इस स्कीम के जारी होने से पूर्व जमा की गयी है और यदि अतिशेष परादेय मांग के लिए विकल्प प्रस्तुत किया जाता है, वहां पूर्व में जमा रकम को, यदि चालान में विनिर्दिष्ट रूप से वर्णित नहीं है, तो प्रथमत: यह कर दायित्व के विरुद्ध, तत्पश्चात् क्रमश: ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के दायित्व के विरुद्ध समायोजित की जायेगी। तथापि यदि किसी न्यायालय आदेश की अनुपालना में कोई रकम जमा की गयी है तो वह तद्नुसार समायोजित की जायेगी।

(3) जहां किसी व्यवहारी या व्यक्ति ने एमनेस्टी स्कीम-2017, प्रवेश कर के लिए नई स्वैच्छिक एमनेस्टी स्कीम-2017, मोटर यानों के प्रवेश पर कर के लिए एमनेस्टी स्कीम-2017, मनोरंजन कर के लिए एमनेस्टी स्कीम-2017 या विलास कर के लिए एमनेस्टी स्कीम-2017 के अधीन आवेदन किया था और उक्त स्कीम(स्कीमों) के अधीन कोई रकम जमा की थी किन्तु किसी कारण से तत्संबंधी स्कीम के अधीन फायदा प्राप्त नहीं कर सका था, ऐसे मामलों में वे व्यक्ति/व्यवहारी इस स्कीम के अधीन फायदों के लिए पात्र होंगे और उन स्कीमों के अनुसरण में जमा रकम, इस स्कीम के अधीन फायदे के लिए समायोजित और अनुज्ञेय होगी।

(4) जहां मांग या विवादित रकम पूर्ण रूप से ब्याज और/या शास्ति और/या विलम्ब फीस को समाविष्ट करती है, वहां ऐसे मामलों में कर की रकम जमा की गयी समझी जायेगी।

(5) जहां 30.06.2017 तक की अवधि से संबंधित मांग या विवादित रकम पूर्व में ही जमा कर दी गयी है और उससे संबंधित ब्याज के लिए मांग उद्ग्रहणीय है किन्तु उद्गृहीत नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ संदेय ब्याज का उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार अधित्यजन किया जायेगा।

(6) मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग के लिए जहां व्यवहारी या व्यक्ति से उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार कोई रकम जमा कराने की अपेक्षा नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में, वह निर्धारण प्राधिकारी को उसकी सूचना दे सकेगा। ऐसे मामलों में जहां व्यवहारी या व्यक्ति से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, निर्धारण प्राधिकारी मामले को अपने स्तर पर निपटाने के लिए अग्रसर हो सकेगा।

(7) घोषणा प्ररूपों से संबंधित मांगों या विवादित रकम के लिए, जहां 30.06.2021 तक प्ररूप प्रस्तुत नहीं किये गये हैं, वहां स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर वसूली कार्यवाहियां प्रारंभ नहीं की जायेंगी यदि व्यवहारी 15.07.2021 तक उपर्युक्त सारणी-क के क्रम संख्यांक 2 के सामने स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार चरण-III में जमा की जाने वाली अपेक्षित रकम के समतुल्य बैंक गारंटी के रूप में प्रतिभूति प्रस्तुत कर देता है।

(8) जहां मांग, जिसके लिए व्यवहारी या व्यक्ति स्कीम के अधीन विकल्प लेने का आशय रखता है, से संबंधित परिशुद्धि के लिए कोई आवेदन संबंधित निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष लंबित है, तब ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति से लिखित में संसूचना पर, वह उसे ऐसी संसूचना से सात दिवस के भीतर या प्रवर्तन कालावधि तक, जो भी पहले हो, निपटायेगा।

(9) ऐसे मामलों में, जो विवाद में हैं और जिनके लिए मांग और संग्रहण रजिस्टर में कोई मांग परादेय नहीं है, कर, ब्याज, विलम्ब फीस और/या शास्ति की रकम उक्त विवाद के संबंध में जारी किये गये मूल निर्धारण आदेश या नोटिस के अनुसार समझी जायेगी। ऐसे मामलों में संबंधित निर्धारण प्राधिकारी स्वयं के समक्ष लंबित कार्यवाही, यदि कोई हो, को प्रत्याहृत करेगा या इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार विहित रकम के जमा किये जाने के पश्चात् किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले के प्रत्याहरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(10) जहां व्यवहारी या व्यक्ति द्वारा विवरणियों या लेखा पुस्तकों में तथ्यों को छिपाया गया है, कपटपूर्ण या दुर्व्यपदेशन किया गया है, ऐसे मामले उपर्युक्त सारणी-क के क्रम संख्यांक 3 के अधीन नहीं आयेंगे।

5. शर्तें.- इस स्कीम के फायदे निम्नलिखित शर्तों को पूरा किये जाने पर उपलब्ध होंगे, अर्थात् :-

(i) आवेदक ने इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर उपर्युक्त सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार या, यथास्थिति, उपर्युक्त स्पष्टीकरण (1) के अनुसार अपेक्षित रकम जमा करा दी है;

(ii) आवेदक ने किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले, यदि कोई हो, के प्रत्याहरण के लिए आवेदन इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर प्रस्तुत कर दिया है; और

(iii) पूर्व में किये गये किसी अधिक संदाय का प्रतिदाय इस स्कीम के अधीन कर की छूट और/या अधित्यजन के कारण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

6. फायदा प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया.- (1) इस स्कीम के अधीन फायदा प्राप्त करने के लिए आवेदक संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को इस संबंध में वाणिज्यिक कर विभाग की वेबसाइट www.rajtax.gov.in पर उसकी रजामंदी इलेक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(2) पृथक् अधिनियमों के अधीन साथ ही पृथक् निर्धारण प्राधिकारियों के समक्ष लंबित मांगों/ विवादों के लिए रजामंदी की पृथक्-पृथक् सूचना देगा।

(3) इस स्कीम के अधीन फायदों का चयन करने वाले किसी व्यवहारी या व्यक्ति के मामले में निर्धारण प्राधिकारी, व्यवहारी या व्यक्ति के विरुद्ध लंबित मांग(मांगों) और विवादित रकम के ब्यौरे इस स्कीम के अनुसरण में किये जाने वाले संदाय और प्रोद्भूत किये जाने वाले पारिणामिक फायदों सहित इलेक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(4) इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने के लिए ब्यौरेवार प्रक्रिया और स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, ऐसे होंगे जो आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान द्वारा अधिसूचित किये जायें।

(5) सारणी-क के क्रम संख्यांक 1 से 5 के अधीन परादेय मांग या विवाद के प्रवर्गीकरण से संबंधित किसी विवाद की दशा में आयुक्त, वाणिज्यिक कर का विनिश्चय अंतिम होगा।

[प.12(29)वित्त/कर/2021-269]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.452.-राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) की धारा 174 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर (संशोधन) नियम, 2021 है।

(2) ये तुरंत प्रभाव से प्रवृत होंगे।

2. नियम 21 का संशोधन.- राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006, जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के नियम 21 में,-

(i) उप-नियम (1) के विद्यमान द्वितीय परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"परन्तु यह और कि 30.06.2017 तक की किसी कालावधि से संबंधित निर्धारणों के लिए, व्यवहारी 30.06.2021 तक घोषणा प्ररूप या प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकेगा।";

(ii) उप-नियम (1) का विद्यमान तृतीय परन्तुक हटाया जायेगा; और

(iii) उप-नियम (8) के विद्यमान परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित नया परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :-

"परन्तु यह और कि व्यवहारी 30.06.2017 तक की किसी कालावधि से संबंधित ऐसा कोई आवेदन, 30.06.2021 तक सीधे ही संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को प्रस्तुत कर सकेगा और निर्धारण प्राधिकारी ऐसे आवेदन का इस उप-नियम के उपबंधों के अनुसार अपने स्तर पर निपटारा करेगा।";

3. नियम 40 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 40 में,-

(i) उप-नियम (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "उस दिन से जिस दिन संकर्म संविदा (संविदाओं) की सकल रकम दस लाख रुपये से अधिक हो जाता है या 31.12.2020 तक, जो भी पश्चात्वर्ती हो," के स्थान पर अभिव्यक्ति "उस दिन से जिस दिन संकर्म संविदा (संविदाओं) की सकल रकम दस लाख रुपये से अधिक हो जाती है या 30.06.2021 तक, जो भी पश्चात्वर्ती हो," प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) इस प्रकार संशोधित उप-नियम (1) में, निम्नलिखित नया परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :-

"परन्तु जहां अवार्डर कोई सरकारी विभाग, या कोई निगम, कंपनी, लोक उपक्रम, सहकारी सोसाइटी, स्थानीय निकाय, कानूनी निकाय या स्वशासी निकाय है जिसमें सरकार की शेयर पूंजी है, ऐसे अवार्डर के लिए 30.06.2017 तक की किसी कालावधि से संबंधित अवार्डर पहचान प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करना आज्ञापक नहीं है।";

(iii) उप-नियम (8क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "तिमाही की समाप्ति से तीस दिन के भीतर या 31.12.2020 तक, जो भी पश्चात्वर्ती हो," के स्थान पर अभिव्यक्ति "तिमाही की समाप्ति से तीस दिन के भीतर या 30.06.2021 तक, जो भी पश्चात्वर्ती हो," प्रतिस्थापित की जायेगी;

(iv) उप-नियम (8ख) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "सुसंगत वर्ष की समाप्ति से तीन मास के भीतर या 31.12.2020 तक, जो भी पश्चात्वर्ती हो,", के स्थान पर अभिव्यक्ति "सुसंगत वर्ष की समाप्ति से तीन मास के भीतर या 30.06.2021 तक, जो भी पश्चात्वर्ती हो," प्रतिस्थापित की जायेगी;

(v) विद्यमान उप-नियम (11) के अंत में आने वाले विद्यमान विराम चिन्ह "।" के स्थान पर विराम चिन्ह ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा; और

(vi) इस प्रकार संशोधित उप-नियम (11) में, निम्नलिखित नये परन्तुक जोड़े जायेंगे, अर्थात्:-

"परन्तु जहां अवार्डर सरकारी विभाग या कोई निगम, कंपनी, लोक उपक्रम, सहकारी सोसाइटी, स्थानीय निकाय, कानूनी निकाय या स्वशासी निकाय है जिसमें सरकार की शेयर पूंजी है और अवार्डर पहचान प्रमाणपत्र अभिप्राप्त नहीं किया है, वह संविदाकार को व्यक्तिश: सम्यक् रूप से भरा हुआ प्ररूप मूपक-41 जारी करेगा और संविदाकार उसे संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा:

परन्तु यह और कि जहां ऐसे अवार्डर ने संविदाकार को व्यक्तिश: प्ररूप मूपक-41 पहले ही जारी कर दिया है और संविदाकार 23 फरवरी, 2021 को या उससे पूर्व संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को उसे प्रस्तुत कर चुका है, ऐसे मामलों में नया प्ररूप मूपक-41 प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।"।

4. प्ररूप मूपक-41 का प्रतिस्थापन.- उक्त नियमों के संलग्न विद्यमान प्ररूप मूपक-41 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"प्ररूप मूपक-41

[नियम 40(11) देखिए]

अवार्डर द्वारा स्रोत पर कटौती का प्रमाणपत्र

प्ररूप सं.

जारी करने की तारीख:

	संविदाकार का नाम	
	रजिस्ट्रीकरण सं. (टिन), यदि कोई हो	
	पता	
	अवार्डर का नाम	
	अवार्डर पहचान सं., यदि कोई हो	
	पता	
	संविदाकार को संदत्त की गयी रकम	
	टीडीएस की रकम	

अवार्डर द्वारा स्रोत पर कर कटौती के ब्यौरे

क्र. सं.	कार्यादेश संख्यांक	कार्यादेश दिनांक	संविदा की प्रकृति	संविदा का सकल मूल्य	बिल सं. और तारीख	बिल की रकम	संविदाकार का ई.सी. सं., यदि कोई हो
1	2	3	4	5	6	7	8

स्रोत पर कटौती की रकम	संविदाकार को संदाय की जमा की वाउचर सं. और तारीख	चालान की सकल रकम और तारीख जिसको स्रोत पर कटौती किया गया कर वाणिज्यिक कर विभाग के खाते में जमा कराया गया	एजी समायोजन/जीआरएन/ सीआईएन के माध्यम से किये गये संदायों के लिए कोषालय वाउचर संख्यांक
9	10	11	12

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गयी जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार पूर्ण, सत्य और सही है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

तारीख:

स्थान:

कर की कटौती और जमा के लिए उत्तरदायी
व्यक्ति के हस्ताक्षर और मुहर

विभाग/कार्यालय का नाम"।

[प.12(29)वित्त/कर/2021-270]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.453.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) की धारा 4 की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची-6 में इसके द्वारा तुरन्त प्रभाव से निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची-6 में, विद्यमान क्रम संख्यांक 7 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"

7.	पैट्रोलियम क्रूड	5	

"

[प.12(29)वित्त/कर/2021-271]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.454.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.2(55)वित्त/कर/2012-33 दिनांक 12.07.2012, प.4(3)वित्त/कर/ 2018-188

दिनांक 12.02.2018, प.4(3)वित्त/कर/2017-113 दिनांक 08.3.2017, प.2(37)वित्त/ कर/2010-125 दिनांक 08.03.2011, प.4(4)वित्त/कर/2020-126 दिनांक 20.02.2020 और प.4(4)वित्त/कर/2020-127 दिनांक 20.02.2020 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में विनिर्दिष्ट लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और उनके प्रत्येक के सामने उक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 3 में यथाविनिर्दिष्ट दर से प्रभारित किया जायेगा:-

सारणी

क्र.सं.	**लिखतों का विवरण**	**स्टाम्प शुल्क**
1	**2**	**3**
1.	इन्दिरा आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण बी.पी.एल. आवास योजना के अधीन आबंटित आवासीय स्थल का पट्टा विलेख	कोई नहीं
2.	राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 157 या 158 के अधीन ग्राम पंचायत द्वारा जारी पट्टा विलेख या आबंटन आदेश	100 रु.
3.	राजस्थान सरकारी अनुदान अधिनियम, 1961 (1961 का अधिनियम सं. 20) के अधीन जारी पट्टा विलेख या आबंटन आदेश	100 रु.
4.	राजस्थान स्लम डवलपमेंट पॉलिसी-2012 के अधीन जारी पट्टा विलेख या आबंटन आदेश	100 रु.
5.	मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 या प्रधानमंत्री आवास योजना के अधीन निम्नलिखित के लिए जारी/निष्पादित पट्टा विलेख/विक्रय विलेख:-	
	(i) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवासीय इकाइयां	प्रतिफल की रकम का 0.5 प्रतिशत
	(ii) निम्न आय समूह के लिए आवासीय इकाइयां	प्रतिफल की रकम का 1 प्रतिशत
6.	राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी-2010 के अधीन निम्नलिखित के लिए जारी/निष्पादित पट्टा विलेख,-	
	(i) आवासीय, संस्थानिक, औद्योगिक, पर्यटन इकाई इत्यादि के लिए भू-खण्ड के प्रथम आबंटन के मामले में	आवासीय संपरिवर्तन प्रभार के 4 गुना पर हस्तान्तरण की दर से।
	(ii) वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए भू-खण्ड के प्रथम आबंटन के मामले में	आवासीय संपरिवर्तन प्रभार के 8 गुना पर हस्तान्तरण की दर से।
7.	राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क के अधीन स्थानीय प्राधिकारियों के निपटान के लिए रखी गयी भूमि के संबंध में जारी/निष्पादित पट्टा विलेख	प्रीमियम की रकम, विकास प्रभार, संपरिवर्तन प्रभार और ब्याज या शास्ति, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए प्रतिफल के रूप में संदत्त

		अन्य प्रभार और दो वर्ष के किराये की औसत रकम पर हस्तान्तरण की दर से।
8.	राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारी, लोक उपक्रम या अन्य किसी सरकारी निकाय द्वारा आबंटित या उनके द्वारा विक्रीत भूमि के संबंध में जारी/निष्पादित पट्टा विलेख (जो उपर्युक्त क्रम संख्यांक 1 से 7 में विनिर्दिष्ट किसी प्रवर्ग के अधीन नहीं आता है)	प्रीमियम की रकम और ब्याज या शास्ति, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए प्रतिफल के रूप में संदत्त अन्य प्रभार और दो वर्ष के औसत किराये की रकम पर हस्तान्तरण की दर से।
9.	क्रम संख्यांक 2 से 8 के अन्तर्गत आने वाला कोई पट्टा विलेख, जो पुनर्विधिमान्यकरण के पश्चात् रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत किया गया हो	मूल पट्टा विलेख पर संदेय स्टाम्प शुल्क का 120 प्रतिशत

टिप्पण:-1. राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 157 या 158 या राजस्थान सरकारी अनुदान अधिनियम, 1961 या राजस्थान स्लम डवलपमेंट पॉलिसी-2012 या मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 या प्रधानमंत्री आवास योजना या राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी-2010 के अधीन जारी/निष्पादित पट्टा विलेख /विक्रय विलेख के मामले में आबंटी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समाधानप्रद रूप में यह साबित करेगा कि पट्टा विलेख/विक्रय विलेख ऐसे अधिनियम, नियम, योजना या, यथास्थिति, पॉलिसी के अधीन जारी/निष्पादित किया गया है।

2. यह अधिसूचना, निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-272]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.455.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(15)वित्त/कर/2014-53 दिनांक 14.07.2014 को अतिष्ठित

करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि निम्नलिखित लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा:-

क्र.सं.	लिखत का विवरण	हस्तान्तरण पत्र की दर से संदेय स्टाम्प शुल्क
1.	राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारी, लोक उपक्रम या अन्य किसी सरकारी निकाय द्वारा आबंटित या विक्रीत भूमि के संबंध में आबंटन आदेश के आधार पर पूर्वोक्त प्राधिकारियों से पट्टा विलेख प्राप्त करने से पूर्व निष्पादित प्रत्येक मध्यवर्ती अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखत।	संपत्ति के बाजार मूल्य के स्थान पर मूल आबंटन की रकम का 1.5 गुना पर, इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए कि स्तम्भ 2 में उल्लिखित संबंधित प्राधिकारी उस स्थावर संपत्ति के संबंध में निष्पादित अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों की संख्या का विवरण देते हुए एक प्रमाणपत्र जारी करेगा और पट्टाधारक उसके पट्टा विलेख के साथ ऐसे प्रमाणपत्र और अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों की प्रतियां, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा।
2.	नगरीय स्थानीय निकायों से पट्टा विलेख प्राप्त करने से पूर्व आवासीय सहकारी सोसाइटियों द्वारा आबंटित या विक्रीत भूमि के संबंध में निष्पादित प्रत्येक मध्यवर्ती अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखत।	(i) जहां दस्तावेज 31 मार्च, 1995 तक निष्पादित हुआ है, वहां उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख को या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख को संपत्ति के बाजार मूल्य के 10 प्रतिशत पर; (ii) जहां दस्तावेज 1 अप्रेल, 1995 से 31 मार्च, 2005 के मध्य निष्पादित हुआ है, वहां उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख को या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख को संपत्ति के बाजार मूल्य के 20 प्रतिशत पर; (iii) जहां दस्तावेज 1 अप्रेल, 2005 से 31 मार्च, 2010 के मध्य निष्पादित हुआ है, वहां उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख को या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख को संपत्ति के बाजार मूल्य के 30 प्रतिशत पर; (iv) जहां दस्तावेज 1 अप्रेल, 2010 से 14 जुलाई, 2014 के मध्य निष्पादित हुआ है, वहां उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख को या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख को संपत्ति के बाजार मूल्य के 35 प्रतिशत पर; (v) जहां दस्तावेज 15 जुलाई, 2014 को या उसके पश्चात् निष्पादित हुआ है, वहां उप-पंजीयक के

		समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख को या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख को संपत्ति के बाजार मूल्य के 40 प्रतिशत पर; टिप्पण:1. पट्टा विलेख जारी करते समय संबंधित नगरीय स्थानीय निकाय, ऐसी स्थावर संपत्ति के संबंध में निष्पादित मध्यवर्ती अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों के निष्पादन की तारीख सहित उनकी संख्या वर्णित करते हुए एक प्रमाणपत्र जारी करेगा और ऐसी मध्यवर्ती लिखतों की प्रतियां भी उपलब्ध करवायेगा; 2. पट्टाधारक उसके पट्टा विलेख के साथ रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष ऐसे प्रमाणपत्र और अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों की प्रतियां प्रस्तुत करेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-273]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.456.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.12(11)वित्त/कर/2013-116 दिनांक 06.03.2013 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि,-

(i) पिता, माता, पुत्र, भाई, बहिन या पति के पक्ष में निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और संपत्ति के बाजार मूल्य के 2.5 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा;

(ii) पुत्री या पुत्रवधू के पक्ष में निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और संपत्ति के बाजार मूल्य के एक प्रतिशत की दर से या एक लाख रुपये, जो भी कम हो, प्रभारित किया जायेगा;

(iii) पत्नी के पक्ष में निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क,-

(क) से छूट दी जायेगी, यदि ऐसे दान विलेख 31 मार्च, 2022 तक निष्पादित किये जायें;

(ख) घटाया जायेगा और संपत्ति के बाजार मूल्य के एक प्रतिशत की दर से या एक लाख रुपये, जो भी कम हो, प्रभारित किया जायेगा, यदि ऐसे दान विलेख 31 मार्च, 2022 के पश्चात् निष्पादित किये जायें;

(iv) पुत्र का पुत्र, पुत्र की पुत्री, पुत्री का पुत्र या पुत्री की पुत्री के पक्ष में निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से छूट दी जायेगी; और

(v) विधवा के पक्ष में,-

(क) उसके मृत पति की माता, पिता, भाई या बहिन; या

(ख) उसकी स्वयं की माता, पिता, भाई, बहिन, पुत्र या पुत्री;

द्वारा निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से छूट दी जायेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-274]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.457.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(6)वित्त/कर/2016-269 दिनांक 30.03.2016 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि उक्त अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 48 के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट पैतृक संपत्ति के निर्मुक्ति विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा:-

क्र.सं.	विवरण	स्टाम्प शुल्क की दर
1.	जहां त्यागे गये शेयर, हित, भाग या दावे का बाजार मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक नहीं है।	पांच सौ रुपये
2.	जहां त्यागे गये शेयर, हित, भाग या दावे का बाजार मूल्य	पांच हजार रुपये

	10 लाख रुपये से अधिक है।	

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-275]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.458.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(3)वित्त/कर/2017-109 दिनांक 08.03.2017 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि भागीदारी फर्म, प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी या असूचीबद्ध पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के सीमित दायित्व भागीदारी में या विपर्ययेन संपरिवर्तन से संबंधित लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और 0.5 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-276]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.459.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि चार तलों से अधिक के बहुमंजिला भवन में फ्लैट या आवासीय इकाई, जिसका बाजार मूल्य पचास लाख रुपये से अधिक

नहीं है, से संबंधित हस्तान्तरण विलेख, यदि ऐसा हस्तान्तरण विलेख 30.06.2021 तक निष्पादित और रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत कर दिया जाता है, पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और चार प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-277]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.460.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.1(11)वित्त/कर अनु./97 दिनांक 21.03.1998 को आंशिक रूप से परिवर्तित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि उक्त अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 50 में विनिर्दिष्ट लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और अधिकतम पच्चीस लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए 0.1 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-278]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.461.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 86 और 87 और भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 2) की धारा 74 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान स्टाम्प (संशोधन) नियम, 2021 है।

(2) ये तुरंत प्रवृत होंगे।

2. नये नियम 29-ख का अंत:स्थापन.- राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के विद्यमान नियम 29-क के पश्चात् और विद्यमान नियम 30 से पूर्व, निम्नलिखित नया नियम अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"**29-ख. ई-स्टाम्प प्रमाणपत्रों पर डिस्काउण्ट और पारिश्रमिक.-** (1) राज्य में स्टाम्प शुल्क प्रशासन प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत सेंट्रल रिकार्ड कीपिंग एजेंसी, जिसे इसमें इसके पश्चात् एजेंसी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है, को-

(i) ई-स्टाम्पों के विक्रय के माध्यम से संगृहीत रकम के 0.65 प्रतिशत से अनधिक की किसी रकम की, जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाये, कटौती अनुज्ञात की जायेगी; और

(ii) प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से विक्रीत ई-स्टाम्पों के संबंध में, नियम 29 और 29-क के अधीन स्टाम्प विक्रेताओं को अनुज्ञात रकम के बराबर रकम की कटौती अनुज्ञात की जायेगी।

(2) एजेंसी, ई-स्टाम्पों के विक्रय के माध्यम से उसके द्वारा संगृहीत रकम में से उप-नियम (1) के अधीन अनुज्ञात रकम की कटौती करेगी और उसके द्वारा नियुक्त प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों को ई-स्टाम्पों के विक्रय के माध्यम से उनके द्वारा संगृहीत रकम के अनुपात में उप-नियम (1) के खण्ड (ii) के अधीन अनुज्ञात रकम का संदाय करेगी।

(3) एजेंसी, उप-नियम (2) के अधीन कटौती की गयी और संदत्त रकम का त्रैमासिक विवरण महानिरीक्षक, स्टाम्प को प्रस्तुत करेगी।"।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-279]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.462.-राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के नियम 58 के उप-नियम (1) के खण्ड (ख) और उप-नियम (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(4)वित्त/कर/2015-226 दिनांक 09.03.2015 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, संपूर्ण राज्य के लिए भूमि के निम्नलिखित प्रवर्गों के बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए इसके द्वारा निम्नानुसार दरें अवधारित करती है :-

1. औद्योगिक प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

रीको औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक भूमि या औद्योगिक प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या औद्योगिक प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि की दरें,-

(i) रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको द्वारा अवधारित दरों के समतुल्य होंगी; और

(ii) अन्य मामलों में उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के तीन गुना के समतुल्य होंगी किन्तु यदि ऐसी दरें निकटतम रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको द्वारा अवधारित दरों से अधिक हैं तब उस निकटतम रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको द्वारा अवधारित दरों के समतुल्य होंगी।

2. रीको औद्योगिक क्षेत्र में संस्थानिक, आवासीय और व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

रीको औद्योगिक क्षेत्र में संस्थानिक, आवासीय और वाणिज्यिक भूमि की दरें,-

(i) संस्थानिक भूमि के मामले में, रीको द्वारा अवधारित औद्योगिक भूमि की दरों के समतुल्य होंगी;

(ii) आवासीय भूमि के मामले में, रीको द्वारा अवधारित औद्योगिक भूमि की दरों के दो गुना के समतुल्य होंगी; और

(iii) वाणिज्यिक भूमि के मामले में, रीको द्वारा अवधारित औद्योगिक भूमि की दरों के चार गुना के समतुल्य होंगी।

3. रीको औद्योगिक क्षेत्र से बाहर संस्थानिक प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

संस्थानिक प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या संस्थानिक प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि की दरें,-

(i) जहां भूमि सहकारी सोसाइटियों/पूर्त संस्थाओं द्वारा क्रय की गयी है, उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दर के डेढ़ गुना के समतुल्य होंगी; और

(ii) अन्य मामलों में उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दर के दोगुना के समतुल्य होंगी।

स्पष्टीकरण: (i) ऐसे क्षेत्रों में जहां कृषि भूमि की दरों की जिला स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश नहीं की गयी है वहां संस्थानिक भूमि की दरें उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

(ii) संस्था में शैक्षणिक संस्थाएं, प्रशिक्षण संस्थाएं, कोचिंग संस्थाएं, छात्रावास, अस्पताल, बैंक, वित्तीय संस्थाएं, बीमा कंपनियां इत्यादि सम्मिलित होंगी।

4. सौर ऊर्जा संयंत्र, सौर पार्क, पवन ऊर्जा संयंत्र या हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र के प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

सौर ऊर्जा संयंत्र, सौर पार्क, पवन ऊर्जा संयंत्र या हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र के प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या सौर ऊर्जा संयंत्र, सौर पार्क, पवन ऊर्जा संयंत्र या हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र के प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि की दरें उक्त क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के दो गुना के समतुल्य होंगी किन्तु यदि ऐसी दरें निकटतम रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको द्वारा अवधारित दरों से अधिक हैं तब उस निकटतम रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको द्वारा अवधारित दरों के समतुल्य होंगी।

5. एग्रो-इण्डस्ट्रीयल प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

एग्रो-इण्डस्ट्रीयल प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या एग्रो-इण्डस्ट्रीयल प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि की दरें उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के दो गुना के समतुल्य होंगी।

6. खनन प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

(i) खनन प्रयोजनों के लिए क्रय की गयी कृषि भूमि या ऐसी कृषि भूमि, जिसके संबंध में खनन प्रयोजनों के लिए भू-स्वामी और पट्टेदार के मध्य सहमति विलेख निष्पादित किया गया है, के मामले में उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के तीन गुना के समतुल्य होंगी और जहां उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरें अवधारित नहीं की गयी हैं, लगे हुए क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के तीन गुना के समतुल्य होंगी; और

(ii) नया खनन पट्टा (चाहे नीलाम के माध्यम से या अन्यथा मंजूर किया गया हो), खनन पट्टे के नवीकरण या खनन पट्टे के अंतरण के मामले में दरें, उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के चार गुना के समतुल्य होंगी और जहां उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरें अवधारित नहीं की गयी हैं, लगे हुए क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के चार गुना के समतुल्य होंगी।

स्पष्टीकरण: उपर्युक्त दरें निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होंगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

7. रिसोर्ट प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

रिसोर्ट प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या रिसोर्ट प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि की दरें,-

(i) उस भाग, जिस पर संनिर्माण किया गया है या अधिकतम अनुज्ञेय संनिर्मित क्षेत्र, इनमें से जो भी अधिक हो, के लिए उस क्षेत्र की वाणिज्यिक भूमि की दरों के समतुल्य होंगी; और

(ii) भूमि के शेष भाग के लिए उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के दोगुना के समतुल्य होंगी।

8. होटल, मोटल, गेस्ट हाऊस और रेस्टोरेंट प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

होटल, मोटल, गेस्ट हाऊस और रेस्टोरेंट प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या उपर्युक्त प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही भूमि की दरें उस क्षेत्र की वाणिज्यिक भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

9. मैरिज गार्डन प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

मैरिज गार्डन प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि या मैरिज गार्डन प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि की दरें,-

(i) उस भाग, जिस पर संनिर्माण किया गया है या अधिकतम अनुज्ञेय संनिर्मित क्षेत्र, इनमें से जो भी अधिक हो, के लिए उस क्षेत्र की वाणिज्यिक भूमि की दरों के समतुल्य होंगी; और

(ii) भूमि के शेष भाग के लिए उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के डेढ़ गुना के समतुल्य होंगी।

10. कंपनियों, फर्मों या संस्थाओं द्वारा क्रय की गयी कृषि भूमि की दरें

कंपनियों, फर्मों या संस्थाओं द्वारा क्रय की गयी कृषि भूमि की दरें उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

11. फार्म हाउस प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

फार्म हाउस प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि या फार्म हाउस प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि की दरें,-

(i) उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य होंगी जहां भूमि का क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर तक है;

(ii) 500 वर्गमीटर या वह भाग, जिस पर संनिर्माण किया गया है, इनमें से जो भी अधिक हो, के लिए उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य होंगी और शेष भाग, जहां फार्म हाउस का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर से अधिक किन्तु 2500 वर्गमीटर से कम है, के लिए उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के दोगुना के समतुल्य होंगी; और

(iii) 500 वर्गमीटर या वह भाग, जिस पर संनिर्माण किया गया है, इनमें से जो भी अधिक हो, के लिए उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य होंगी और शेष भाग, जहां फार्म हाउस का कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर या अधिक है, के लिए उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के डेढ़ गुना के समतुल्य होंगी।

12. 3000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले आवासीय या वाणिज्यिक भूखण्डों की दरें

3000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले आवासीय या वाणिज्यिक भूखण्डों की दरों को ऐसे प्रवर्ग की भूमियों के लिए विद्यमान दरों से 5 प्रतिशत कम किया जायेगा।

13. कोने के भूखण्डों की दरें

1000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले कृषि भूमि के भूखण्ड को छोड़कर, कोने के भूखण्डों की दरें 10 प्रतिशत अधिक होंगी।

14. ऐसी भूमि की दरें जिनके लिए मिश्रित भू-उपयोग पट्टा/पट्टा विलेख जारी किया गया है

रिक्त भूमि के विक्रय या अन्तरण पर, जिसके लिए विकास प्राधिकरणों या नगर सुधार न्यासों या अन्य स्थानीय निकायों द्वारा मिश्रित भू-उपयोग का पट्टा/ पट्टा विलेख जारी किया गया है, ऐसी भूमि की दर उस क्षेत्र की वाणिज्यिक भूमि की दर के 50 प्रतिशत के समतुल्य होंगी।

15. विभिन्न भू-उपयोगों के अधीन भूमि की दरें

भूमि, जो उसके अनुमोदित उपयोग से भिन्न प्रयोजन के लिए प्रयुक्त की जाती है, की दरें इसके वास्तविक उपयोग या इसके अनुमोदित उपयोग, जो भी अधिक हो, के प्रवर्ग की दरों के समतुल्य होंगी।

16. किसी विशिष्ट क्षेत्र की आवासीय और वाणिज्यिक भूमि की दरें जहां ऐसी भूमि की दरें जिला स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश नहीं की गयी हैं

(i) आवासीय भूमि की दरें उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों की तीन गुना होंगी; और

(ii) वाणिज्यिक भूमि की दरें उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों की छह गुना होंगी।

17. नगरीय क्षेत्रों की उपांत पट्टी की सीमाओं के भीतर अवस्थित 1000 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि की दरें

नगरीय क्षेत्रों या नगरयोग्य सीमाओं या राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 15) की धारा 90-क में यथा-परिभाषित नगरीय क्षेत्रों की उपांत पट्टी में अवस्थित 1000 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि की दरें, उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

स्पष्टीकरण: (i) उपर्युक्त दरें विक्रय की लिखत पर लागू होंगी।

(ii) जहां कृषि भूमि के विक्रय की लिखत में, क्रेताओं की संख्या एक से अधिक है और किसी क्रेता का शेयर 1000 वर्गमीटर या उससे कम है,

भूमि के ऐसे शेयर का मूल्य, उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दर से संगणित किया जायेगा।

18. नगरीय क्षेत्रों की उपांत पट्टी की सीमाओं से बाहर अवस्थित 500 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि की दरें

राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 15) की धारा 90-क में यथा-परिभाषित नगरीय क्षेत्रों की उपांत पट्टी के बाहर अवस्थित 500 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि की दरें, सिवाय वहां, जहां ऐसी भूमि एकल खसरा में समाविष्ट है या जहां ऐसी भूमि, संलग्न कृषि भूमि के खातेदार द्वारा क्रय की गयी है, उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

स्पष्टीकरण: (i) उपर्युक्त दरें विक्रय की लिखत पर लागू होंगी।

(ii) जहां कृषि भूमि के विक्रय की लिखत में, क्रेताओं की संख्या एक से अधिक है और किसी क्रेता का शेयर 500 वर्गमीटर या उससे कम है, भूमि के ऐसे शेयर का मूल्य, उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दर से संगणित किया जायेगा।

(iii) उपर्युक्त दरें निष्पादित लिखतों पर या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-280]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.463.-राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के नियम 58 के उप-नियम (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि परिस्थितियों में ऐसा किया जाना अपेक्षित है, इसके द्वारा आदेश देती है कि आवासीय और वाणिज्यिक प्रवर्गों की भूमि की विद्यमान दरें 24.02.2021 से पुन:अवधारित की जायेंगी और दस प्रतिशत घटायी जायेंगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-281]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.464.-राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के नियम 58 के उप-नियम (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(4)वित्त/कर/2015-225 दिनांक 09.03.2015 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, इसके द्वारा वे मानदण्ड विनिर्दिष्ट करती है जिनके आधार पर बहुमंजिला भवन के अधीन आनुपातिक भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित किया जायेगा :-

क्र.सं.	**इकाई का विवरण**	**भूमि के मूल्यांकन की रीति**
1.	छत के अधिकार के बिना भू-तल पर किसी इकाई के अन्तरण पर	भूमि के निर्धारित बाजार मूल्य का 70 प्रतिशत
2.	छत के अधिकार के बिना प्रथम या द्वितीय तल पर किसी इकाई के अन्तरण पर	भूमि के निर्धारित बाजार मूल्य का 60 प्रतिशत
3.	छत के अधिकार के बिना तहखाना (बेसमेंट) पर किसी इकाई के अन्तरण पर	भूमि के निर्धारित बाजार मूल्य का 50 प्रतिशत
4.	छत के अधिकार के बिना तृतीय या उससे ऊपर के तल पर किसी इकाई के अन्तरण पर	भूमि के निर्धारित बाजार मूल्य का 40 प्रतिशत
5.	छत के अधिकार के साथ किसी इकाई के अन्तरण पर	भूमि के निर्धारित बाजार मूल्य का 100 प्रतिशत

स्पष्टीकरण: (i) आनुपातिक भूमि के मूल्यांकन की दर, अनुमोदित ले-आऊट प्लान में इकाई के विनिर्दिष्ट उपयोग या इकाई के वास्तविक उपयोग, जो भी अधिक हो, के अनुसार अवधारित की जायेगी।

(ii) यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-282]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.465.-रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.2(17)वित्त/कर/2010/पार्ट-225 दिनांक 02.09.2020 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिसूचना की सारणी में,-

क. स्तम्भ संख्यांक 4 और 5 में, क्रम संख्यांक 5 के सामने, विद्यमान अभिव्यक्ति

"	(xvii) कल्याणपुर	उप तहसील कल्याणपुर ",

के पश्चात् अभिव्यक्ति

"	(xviii) धनाऊ	तहसील धनाऊ "

जोड़ी जायेगी;

ख. स्तम्भ संख्यांक 5 में,-

(i) क्रम संख्यांक 8 के सामने, विद्यमान अभिव्यक्ति "उप तहसील बज्जू", के स्थान पर अभिव्यक्ति "तहसील बज्जू" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) क्रम संख्यांक 12 के सामने, विद्यमान अभिव्यक्ति "उप तहसील मण्डावर", के स्थान पर अभिव्यक्ति "तहसील मण्डावर" प्रतिस्थापित की जायेगी;

ग. विद्यमान क्रम संख्यांक 16 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"	16.	जयपुर	राजस्व जिला जयपुर	(i) जयपुर	तहसील जयपुर, तहसील आमेर, तहसील बस्सी, तहसील चाकसू, तहसील चौंमू, तहसील दूदू, तहसील जमवारामगढ़, तहसील फागी, तहसील सांगानेर
				(ii) विराटनगर	तहसील विराटनगर
				(iii) गोविन्दगढ़	उप तहसील गोविन्दगढ़
				(iv) खेजरोली	उप तहसील खेजरोली
				(v) मौजमाबाद	तहसील मौजमाबाद
				(vi) किशनगढ़ रेनवाल	तहसील किशनगढ़ रेनवाल
				(vii) कोटखावदा	तहसील कोटखावदा
				(viii) कोटपूतली	तहसील कोटपूतली
				(ix) सांभर	तहसील सांभर
				(x) शाहपुरा	तहसील शाहपुरा
				(xi) माधोराजपुरा	उप तहसील माधोराजपुरा

			(xii) आंधी	उप तहसील आंधी	
			(xiii) तूंगा	उप तहसील तूंगा	
			(xiv) अमरसर	उप तहसील अमरसर	
			(xv) मनोहरपुर	उप तहसील मनोहरपुर	
			(xvi) पावटा	तहसील पावटा	
			(xvii) कालवाड़	उप तहसील कालवाड़	"

घ. क्रम संख्यांक 19 के सामने, स्तम्भ संख्यांक 5 में,-

(क) विद्यमान अभिव्यक्ति "उप तहसील सुनैल", के स्थान पर अभिव्यक्ति "तहसील सुनैल" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ख) विद्यमान अभिव्यक्ति "उप तहसील बकानी", के स्थान पर अभिव्यक्ति "तहसील बकानी" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

ङ. क्रम संख्यांक 29 के सामने, स्तम्भ संख्यांक 5 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "उप तहसील रावला", के स्थान पर अभिव्यक्ति "तहसील रावला" प्रतिस्थापित की जायेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-283]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 24, 2021

एस.ओ.466.-रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.2(17)वित्त/कर/2010/पार्ट-226 दिनांक 02.09.2020 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिसूचना की सारणी में,-

क. स्तम्भ संख्यांक 3 और 4 में, क्रम संख्यांक 5 के सामने, विद्यमान अभिव्यक्ति

"	(xvii) नायब तहसीलदार, कल्याणपुर	कल्याणपुर	",

के पश्चात् अभिव्यक्ति

"	(xviii) तहसीलदार, धनाऊ	धनाऊ	"

जोड़ी जायेगी;

ख. स्तम्भ संख्यांक 3 में,-

(i) क्रम संख्यांक 8 के सामने, विद्यमान अभिव्यक्ति "(iv) नायब तहसीलदार, बज्जू", के स्थान पर अभिव्यक्ति "(iv) तहसीलदार, बज्जू" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) क्रम संख्यांक 12 के सामने, विद्यमान अभिव्यक्ति "(x) नायब तहसीलदार, मण्डावर", के स्थान पर अभिव्यक्ति "(x) तहसीलदार, मण्डावर" प्रतिस्थापित की जायेगी;

ग. विद्यमान क्रम संख्यांक 16 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"

16.	जयपुर	(i) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-प्रथम	जयपुर
		(ii) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-द्वितीय	
		(iii) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-तृतीय	
		(iv) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-चतुर्थ	
		(v) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-पंचम	
		(vi) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-षष्टम	
		(vii) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-सप्तम	
		(viii) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-अष्टम	
		(ix) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-नवम	
		(x) उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-दशम	
		(xi) उप-रजिस्ट्रार, सांगानेर-प्रथम	
		(xii) उप-रजिस्ट्रार, सांगानेर-द्वितीय	
		(xiii) उप-रजिस्ट्रार, आमेर	
		(xiv) उप-रजिस्ट्रार, बस्सी	जयपुर उप जिले की बस्सी तहसील का क्षेत्र
		(xv) उप-रजिस्ट्रार, चाकसू	जयपुर उप जिले की चाकसू तहसील का क्षेत्र
		(xvi) उप-रजिस्ट्रार, चौंमू	जयपुर उप जिले की चौंमू तहसील का क्षेत्र
		(xvii) उप-रजिस्ट्रार, दूदू	जयपुर उप जिले की दूदू तहसील का क्षेत्र
		(xviii) उप-रजिस्ट्रार, जमवारामगढ़	जयपुर उप जिले की जमवारामगढ़ तहसील का क्षेत्र
		(xix) उप-रजिस्ट्रार, फागी	जयपुर उप जिले की फागी तहसील का क्षेत्र
		(xx) नायब तहसीलदार, बगरू	जयपुर उप जिले की बगरू उप तहसील का क्षेत्र
		(xxi) नायब तहसीलदार, मुंडोता	जयपुर उप जिले की मुंडोता उप

			तहसील का क्षेत्र
		(xxii) नायब तहसीलदार, जालसू	जयपुर उप जिले की जालसू उप तहसील का क्षेत्र
		(xxiii) नायब तहसीलदार, रामपुरा डाबड़ी	जयपुर उप जिले की रामपुरा डाबड़ी उप तहसील का क्षेत्र
		(xxiv) नायब तहसीलदार, गोविन्दगढ़	जयपुर उप जिले की गोविन्दगढ़ उप तहसील का क्षेत्र
		(xxv) नायब तहसीलदार, खेजरोली	जयपुर उप जिले की खेजरोली उप तहसील का क्षेत्र
		(xxvi) तहसीलदार, विराटनगर	विराटनगर
		(xxvii) तहसीलदार, मौजमाबाद	मौजमाबाद
		(xxviii) तहसीलदार, किशनगढ़ रेनवाल	किशनगढ़ रेनवाल
		(xxix) तहसीलदार, कोटखावदा	कोटखावदा
		(xxx) उप-रजिस्ट्रार, कोटपूतली	कोटपूतली
		(xxxi) उप-रजिस्ट्रार, सांभर	सांभर
		(xxxii) उप-रजिस्ट्रार, शाहपुरा	शाहपुरा
		(xxxiii) उप-रजिस्ट्रार, माधोराजपुरा	माधोराजपुरा
		(xxxiv) नायब तहसीलदार, आंधी	आंधी
		(xxxv) नायब तहसीलदार, तूंगा	तूंगा
		(xxxvi) नायब तहसीलदार, अमरसर	अमरसर
		(xxxvii) नायब तहसीलदार, मनोहरपुर	मनोहरपुर
		(xxxviii) तहसीलदार, पावटा	पावटा
		(xxxix) नायब तहसीलदार, कालवाड़	कालवाड़ "

घ. क्रम संख्यांक 19 के सामने, स्तम्भ संख्यांक 3 में,-

(क) विद्यमान अभिव्यक्ति "(vii) नायब तहसीलदार, सुनैल", के स्थान पर अभिव्यक्ति "(vii) तहसीलदार, सुनैल" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ख) विद्यमान अभिव्यक्ति "(x) नायब तहसीलदार, बकानी", के स्थान पर अभिव्यक्ति "(x) तहसीलदार, बकानी" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

ङ. क्रम संख्यांक 29 के सामने, स्तम्भ संख्यांक 3 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "(xix) नायब तहसीलदार, रावला", के स्थान पर अभिव्यक्ति "(xix) तहसीलदार, रावला" प्रतिस्थापित की जायेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2021-284]
राज्यपाल के आदेश से,
(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 24, 2021

